**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2025**
**दिनांक 03.03.2020/ 13 फाल्गुन, 1941 (शक) को उत्तर के लिए**

**नागरिक केंद्रित सेवाएं**

**†2025. श्रीमती नवनित रवि राणाः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) प्लेट फार्म पर विभिन्न पुलिस संबंधी नागरिक केंद्रित सेवाओं को शुरू किया है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या हैं;**

**(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में उक्त सेवाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए कोई प्रयास किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(घ) अभी तक प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्टों का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और**

**(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने "अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (सीसीटीएनएस)" के अंतर्गत अपने-अपने राज्य नागरिक पोर्टल शुरू किए हैं। ये पोर्टल नागरिक केंद्रित पुलिस सुविधाएं प्रदान करते हैं, जिनमें शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करना, शिकायतों की स्थिति प्राप्त करना, एफआईआर की प्रतियां प्राप्त करना, गिरफ्तार व्यक्तियों/वांछित अपराधियों के ब्योरे देखना, गुमशुदा व्यक्तियों/अज्ञात शवों के ब्योरे देखना, चुराए गए/बरामद किए गए वाहनों एवं अन्य सम्पत्ति के ब्यौरे देखना, फार्म डाउनलोड करना तथा पुलिस से पूर्ववृत्त सत्यापन और विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने का अनुरोध करना शामिल हैं।

(ग): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत "पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय हैं। राज्य नागरिक पोर्टलों को लोकप्रिय बनाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उठाए गए कदमों की सूचना केंद्रीयकृत रूप से नहीं रखी जाती है।

(घ) और (ङ): उपलब्ध सूचना के अनुसार, कुल 25809 साइबर टिपलाइन रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं और इन्हें आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेज दिया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा की गई साइबर टिपलाइन रिपोर्टों की कुल संख्या का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**अनुलग्नक**

**लो.स. अता. प्र.सं. 2025 दिनांक 03.03.2020**

(अवधि: दिनांक 26.04.2019 से 21.02.2020 तक)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एनसीआरबी द्वारा साझा की गई साइबर टिपलाइन रिपोर्टें |
|---|---|---|
| | **राज्य** | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 80 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 3. | असम | 701 |
| 4. | बिहार | 1143 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 112 |
| 6. | गुजरात | 1900 |
| 7. | गोवा | 6 |
| 8. | हरियाणा | 1064 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 274 |
| 10. | झारखंड | 109 |
| 11. | कर्नाटक | 979 |
| 12. | केरल | 590 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 1004 |
| 14. | महाराष्ट्र | 2083 |
| 15. | मेघालय | 7 |
| 16. | मणिपुर | 279 |
| 17. | मिजोरम | 28 |
| 18. | नागालैंड | 9 |
| 19. | ओडिशा | 397 |
| 20. | पंजाब | 1118 |
| 21. | राजस्थान | 1780 |
| 22. | सिक्किम | 63 |
| 23. | तमिलनाडु | 845 |
| 24. | तेलंगाना | 612 |
| 25. | त्रिपुरा | 6 |
| 26. | उत्तराखंड | 129 |
| 27. | उत्तर प्रदेश | 1811 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 3993 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | |
| 29. | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 4 |
| 30. | चंडीगढ़ | 135 |
| 31. | दिल्ली | 4211 |
| 32. | दमण और दीव | 13 |
| 33. | दादरा एवं नगर हवेली | उपलब्ध नहीं |
| 34. | जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 311 |
| 35. | लक्षद्वीप | उपलब्ध नहीं |
| 36. | पुदुचेरी | 12 |
| | **कुल** | **25809** |

(**स्रोत: एनसीआरबी**)